दैनिक

न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्व की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN16931 ‖ email :- nyaysakshi@gmail.com ‖ रायगढ़, शनिवार 24 नवम्बर 2018 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-01, अंक-57

महत्वपूर्ण एवं खास

छठी बार विश्व विजेता बनीं मेरीकॉम, वर्ल्ड बॉक्सिंग में जीता गोल्ड मेडल

भारत की दिग्गज मुक्केबाज एमसी मेरीकॉम ने शनिवार को इतिहास रच दिया. 35 साल की इस स्टार ने महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में सबसे ज्यादा (6) गोल्ड मेडल जीतने का वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है. मेरीकॉम कुल सात विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में पदक जीतने वाली पहली महिला बॉक्सर बन गई हैं. मेरीकॉम ने चैंपियनशिप के 10वें संस्करण में स्वर्णिम सफलता हासिल की. केडी जाधव हॉल में 48 किलोग्राम भारवर्ग के फाइनल में उन्होंने यूक्रेन की हन्ना ओखोटा को मात देकर विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में सबसे ज्यादा छह स्वर्ण पदकों पर कब्जा जमाने की अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की.

जिम्बाब्वे में विमान दुर्घटना में पायलट सहित चार लोगों की मौत

हरारे (आरएनएस)। जिम्बाब्वे के दक्षिणी मासविंगो शहर के पास शुक्रवार को एक विमान दुर्घटना में पायलट सहित फिनलैंड के चार नागरिकों की मौत हो गयी। फिनलैंड वाणिज्य दूत की पत्नी ने यह जानकारी दी। वाणिज्य दूत की पत्नी सैली वार्ड ने बताया, ''विमान में पायलट सहित फिनलैंड के चार नागरिक थे।'' पुलिस प्रवक्ता पॉल न्याथी ने बताया, ''आसमान में बादल छाये थे और वे बादल के ऊपर जाने की कोशिश कर रहे थे।'' उन्होंने बताया कि दुर्घटना मासविंगो के बाहरी इलाके में हुई। जांचकर्ताओं को घटनास्थल से फिनलैंड का एक पहचान पत्र और पासपोर्ट मिला है।

पोप ने बाल यौन शोषण रोधी सम्मेलन के लिए टीम गठित की

वेटिकन सिटी (आरएनएस)। पोप फ्रांसिस ने फरवरी में होने वाले बाल यौन शोषण रोधी सम्मेलन के लिए सोमवार को एक टीम गठित की। बाल यौन शोषण के मामलों ने दुनियाभर के चर्चों में भूचाल ला दिया है। पोप की टीम में उनके करीबी सहयोगी हैं जिनमें माल्टा के आर्कबिशप चार्ल्स सिक्लुना, फादर हैंस जोलनर, अमेरिकी कार्डिनल ब्लेस क्यूपिच और भारतीय कार्डिनल ओसवाल्ड ग्रेसियस शामिल हैं। वेटिकन के प्रवक्ता ग्रेग बुर्के ने कहा, 'फरवरी की बैठक अभूतपूर्व है तथा यह दर्शाती है कि पोप फ्रांसिस ने चर्च के लिए बच्चों के संरक्षण को बुनियादी प्राथमिकता बना दिया है।'

अटल के परिवार ने पीएमओ को लिखी चिट्ठी

कहा- नहीं चाहिए सरकारी सुविधाएं

नई दिल्ली (आरएनएस)। देश के पूर्व प्रधानमंत्री और दिवंगत बीजेपी नेता अटल बिहारी वाजपेयी की फैमिली ने किसी भी तरह की सरकारी सुविधाएं लेने से इनकार कर दिया है। उनकी परिवार वालों का कहना है कि वे लोग अपना खर्च उठाने में सक्षम हैं और सरकारी खजाने पर अतिरिक्त बोझ नहीं डालना चाहते।

कावेरी से जुड़ी नहर में गिरी प्राइवेट बस, 15 से ज्यादा की मौत

बेंगलुरु (आरएनएस)। कर्नाटक के मांड्या में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। यहां कावेरी नदी से जुड़ी नहर में एक निजी बस नियंत्रण खोकर जा गिरी। हादसे का शिकार हुई बस में सवार 15 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है। घटनास्थल पर बचाव कार्य किया जारी है।

दोषी को नहीं मिलेगी जमानत, कम-से-कम 3 साल की जेल

बदल रहा है चाइल्ड पॉर्नोग्रफी का कानून

नई दिल्ली (आरएनएस)। व्यावसायिक इस्तेमाल के लिए चाइल्ड पॉर्नोग्रफी मटीरियल रखने, उसे देखने या उसके संग्रहण और वितरण पर दंड का प्रावधान और कठोर हो सकता है। इसके तहत मोटा जुर्माना और जेल की सजा बढ़ाकर पांच वर्ष तक का प्रावधान किया जा सकता है। ऐसा किया जाना गैर-जमानती अपराध माना जाएगा और दूसरी बार दोषी पाए जाने पर सात वर्ष तक की सजा हो सकेगी।

व्यावसायिक इस्तेमाल पर सबसे कठोर सजा

दरअसल, संशोधन प्रस्ताव में सबसे कठोर दंड का प्रावधान उन लोगों के लिए किया गया है जो अश्लील सामग्री का संग्रह व्यावसायिक इस्तेमाल के लिए करते हैं। अभी सेक्शन 15 के तहत ज्यादा-से-ज्यादा तीन साल तक की सजा और जुर्माना अथवा दोनों का प्रावधान है। अब इसमें संशोधन कर यह सुनिश्चित करने का प्रस्ताव है कि पहली बार दोषी पाए गए लोगों को कम-से-कम तीन साल और ज्यादा-से-ज्यादा पांच साल तक की जेल हो। लेकिन, अगर कोई व्यक्ति दूसरी बार दोषी पाया जाए तो उसे कम-से-कम पांच साल और ज्यादा-से-ज्यादा साल सात वर्ष की सजा दिए जाने का प्रावधान प्रस्तावित किया गया है।

वॉट्सऐप पर आए ऐसी सामग्री तो सावधान

इनके अलावा, बाल यौन अपराध संरक्षण अधिनियम (प्रॉटेक्शन ऑफ चिल्ड्रेन फ्रॉम सेक्शुअल ऐक्ट यानी पॉक्सो ऐक्ट) में प्रस्तावित संशोधनों में जिन बातों का जिक्र है, उनमें चाइल्ड पॉर्नोग्रफी की हरेक जानकारी के साथ-साथ इसे जुड़ी अश्लील तस्वीरें एवं विडियोज वॉट्सऐप पर भी रखे जाने की सूचना नहीं देने पर भी जुर्माने का प्रावधान शामिल है। संशोधन प्रस्ताव को कानून मंत्रालय से हरी झंडी मिलने का इंतजार है। सूत्रों के मुताबिक, महिला एवं बाल कल्याण मंत्रालय को उम्मीद है कि इसे अगले सप्ताह तक मंजूरी मिल जाएगी और फिर इसे पास करवाने के लिए कैबिनेट में जल्द भेजा जा सकेगा।

पीएमओ ने की पहल

पॉर्नोग्रफी की बढ़ती घटनाओं पर प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) चिंता जाहिर कर चुका है। इसलिए, उसी ने इसे बेहद गंभीर अपराध की श्रेणी में रखने की पहल की। महिला एवं बाल कल्याण मंत्री मेनका गांधी भी चॉइल्ड पॉर्नोग्रफी और बदले की भावना से अश्लील तस्वीरें या विडियोज सार्वजनिक करने जैसी बच्चों से संबंधित यौन अपराधों पर लगातार चिंता जाहिर करती रही हैं। वह कानून में बदलाव समेत रोकथाम की विभिन्न आवश्यक पहलों की जरूरत पर जोर देती रहती हैं।

जानकारी नहीं देने पर भी जुर्माना

पॉक्सो ऐक्ट की धारा 15 में संशोधन के प्रस्ताव के तहत वैसे किसी व्यक्ति पर कम-से-कम 1,000 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा जो बच्चों से जुड़ी कोई भी अश्लील सामग्री रखता है या इसका संग्रह करता है और इसे डिलीट नहीं करता, पूरी तरह खत्म नहीं करता या संबंधित अथॉरिटी को इसकी जानकारी नहीं देता है। अगर कोई व्यक्ति इस मामले में दोबारा दोषी पाया गया तो उस पर कम-से-कम 5,000 रुपये का जुर्माना देना होगा। साथ ही, संबंधित अथॉरिटी से शिकायत और अदालत में साक्ष्य के रूप में पेश किए जाने के मकसद के अलावा इस तरह की सामग्री को किसी भी तरीके से इधर-उधर भेजने, उसका प्रचार करने और उसे विभिन्न समूहों अथवा लोगों में इसके वितरण को लेकर भी कानून में संशोधन किया जा रहा है।

वॉट्सऐप से फैली नरभक्षी अफवाह

अफ्रीकी आ गए निशाने पर

नई दिल्ली (आरएनएस)। बच्चों को अगवा कर उन्हें खाने की अफवाह पर गुरुवार

शाम पश्चिमी दिल्ली के द्वारका इलाके में गुस्साई भीड़ से पुलिस ने अफ्रीकी मूल के 6 लोगों को बचाया। इन्हीं अफवाहों के फैलने की अलग-अलग जगह ऐसी घटनाएं हुई। पुलिस का कहना है कि ककरौला में करीब 200 लोगों की भीड़ ने गुरुवार शाम को तंजानिया की दो महिलाओं को घेर लिया था। उनके साथ रह रहे दो अन्य अफ्रीकियों को भीड़ ने घर में ताला लगाकर बंद कर दिया था। समय रहते पहुंची पुलिस ने इन विदेशी महिलाओं को बचाया। घर में बंद अफ्रीकियों को भी पुलिस थाने लेकर आई ताकि वे सुरक्षित रहें। पुलिस का कहना है कि इन अफ्रीकियों के नरभक्षी होने की अफवाहें गुरुवार शाम से फैलने लगी थीं।

वॉट्सऐप से फैली अफवाह

यह पहला मौका नहीं है जब दिल्ली में रह रहे अफ्रीकी मूल के लोगों को लेकर ऐसी अफवाहें फैल रही हैं। ऐसे मामले पहले भी कई बार सामने आ चुके हैं। ककरौला में हुई घटना में पुलिस को पहुंचने में जरा भी देर हुई होती तो स्थिति और भी खराब हो सकती थी।

सिग्नेचर ब्रिज पर 24 घंटे के अंदर फिर दर्दनाक हादसा

बाइक फिसलने से सेल्समैन की मौत

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली का सिग्नेचर ब्रिज 24 घंटे के भीतर तीन मौतों का गवाह बना है। शुक्रवार की घटना के बाद शनिवार को फिर उसी जगह एक बाइक सवार को अपनी जान गंवानी पड़ी है जबकि बाइक के पीछे बैठा एक लड़का घायल हो गया। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले ही सिग्नेचर ब्रिज से गिर जाने पर मेडिकल के दो स्टूडेंट की मौत हो गई थी।

हादसे के संबंध में तिमारपुर पुलिस थाने को सुबह 8.20 बजे कॉल आई। दो लोग स्प्लेंडर बाइक पर सवार थे और नांगलोई से उत्तर-पूर्व जिले की तरफ जा रहे थे।

अमेरिका के फ्लोरिडा में गोलीबारी, दो मरे, दो घायल

न्यूयार्क (आरएनएस)। अमेरिका में फ्लोरिडा प्रांत के मियामी डेड काउंटी में एक दुकान के बाहर हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गयी और दो अन्य घायल हो गये।

स्थानीय चैनल ने शनिवार को बताया कि मियामी डेड के ब्राउन्सविले इलाके में शुक्रवार रात हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गयी।

घटना में घायल दो लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमलावर की पहचान अब तक नहीं की जा सकी है।

पाकिस्तान में टीएलपी के 100 से ज्यादा सदस्य गिरफ्तार

लाहौर (आरएनएस)। पाकिस्तान की पुलिस ने तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) के 100 से ज्यादा सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में इस चरमपंथी इस्लामी पार्टी के प्रमुख भी शामिल हैं, जिन्होंने ईसाई महिला आसिया बीबी को अदालत से मिली रिहाई के खिलाफ रविवार को विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया है। पिछले महीने, तहरीक-ए-लब्बाक पाकिस्तान ने उच्चतम न्यायालय द्वारा ईशनिंदा मामले में आसिया बीबी को बरी किए जाने के फैसले के विरोध में

बड़े पमाने पर प्रदर्शन किए थे।

शनिवार को पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, हमने टीएलपी के नेताओं और कार्यकर्ताओं समेत 100 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया है जिसमें पार्टी प्रमुख खादिम हुसैन रिजवी भी शामिल हैं। उसे लाहौर से पकड़ा गया है। उन्होंने बताया कि सरकारी अधिकारियों की एक टीम ने शुक्रवार की देर रात रिजवी से बातचीत करके उन्हें 25 नवंबर का प्रदर्शन टालने को कहा लेकिन उन्होंने ऐसा करने से इनकार कर दिया।

इसके बाद पुलिस ने उन्हें और अन्य कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया। संघीय सूचना मंत्री फवाद चौधरी ने ट्वीट किया, खादिम हुसैन रजिवी को पुलिस ने लाहौर से हिरासत में लिया है। यह कार्रवाई उनके 25 नवंबर के प्रदर्शन को रोकने से इंकार करने के बाद की गई है। यह कदम लोगों की जिंदगी , संपत्ति और कानून-व्यवस्था को बनाए रखने के लिए उठाया गया है।

19 में से 17 रूटों पर सिटी बसें बंद

फरीदाबाद (आरएनएस)। करीब 8 साल पहले 2010 में शुरू हुई सिटी बस सेवा शहर में दम तोड़ती नजर आ रही है। हालात यह है कि 19 रूटों पर चलने वाली 160 बसों की संख्या अब मात्र 40 रह गई हैं और ये भी सिर्फ 2 रूटों गुड़गांव और बदरपुर बॉर्डर बाईपास पर चल रही हैं। ऐसे में इंटरनल रूटों पर बसों के बंद हो जाने से लोगों को अब ऑटो पर निर्भर रहना पड़ रहा है। सिटी बस से इस साल में रोडवेज का घाटा 8 करोड़ रुपये पहुंच गया है। साथ ही 51 बसों को बेकार घोषित कर दिया गया। इनकी ये हालत भी मिकैनिक नहीं मिलने की वजह से डिपो में खड़े-खड़े हो गई है।

रोडवेज ने जो रूट बंद किए उनमें ज्यादातर शहर के अंदरूनी इलाकों के हैं। ऐसे में लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही हैं। बसों के बंद होने से ऑटो वालों की मनमानी लोगों को झेलनी पड़ती है। सवारी के चक्कर में ये ओवरलोड होकर चलते हैं। इस वजह से लोगों रुपये भी ज्यादा खर्च करने पड़ते हैं साथ ही जान भी जोखिम में डालना पड़ता है।

इस साल मई में 51 बसों को बेकार घोषित कर दिया गया, जिसके बाद डिपो में कुल 109 बस रह गई।

सबरीमाला में महिलाओं को पूजा के लिए मिलें दो दिन

केरल सरकार का हाई कोर्ट को सुझाव

कोच्चि (आरएनएस)। केरल सरकार ने चार महिला श्रद्धालुओं की ओर से दिए गए सुझाव को हाई कोर्ट तक पहुंचाते हुए कहा है कि सबरीमाला पूजन के लिए दो दिन खासकर महिलाओं के लिए निर्धारित किए जाएं। वार्षिक पूजन के लिए निर्धारित दिनों में से केवल महिलाओं के लिए दो दिन तय करने के सुझाव को लेकर अब कोर्ट फैसला लेगा।

कोर्ट को यह सुझाव राज्य अटॉर्नी केवी सोहन ने सबरीमाला मंदिर में महिलाओं को प्रवेश की अनुमति से जुड़े सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद दर्शनार्थी महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े मामले पर सुनवाई के दौरान दिया।

अपनी याचिका में चार महिला दर्शनार्थियों ने मांग की है कि उनके लिए अलग से दो या तीन दिन निर्धारित किए जाएं। उनकी ओर से कहा गया, कोर्ट के आदेश के बाद जो महिलाएं दर्शन के लिए जाना चाहती हैं, वे भी गुंडों और अराजक तत्वों के डर से नहीं जा पातीं।

चीफ जस्टिस हरिकेश रॉय की बेंच ने त्रावणकोर देवास्वं बोर्ड (टीडीबी) से सुरक्षा इंतजामों व अन्य सुविधाओं को सुनिश्चित करने, साथ ही इनकी जानकारी देने को कहा है।

टीडीबी से 10 से 50 साल की उम्र की महिलाओं के सुरक्षा मानकों को लेकर अगले साल दिन में स्टेटमेंट फाइल करने को कहा गया है।

सेना में समलैंगिकों की भर्ती पर रोक मामले पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई करे

वाशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने सुप्रीम कोर्ट से कहा है कि वह सेना में अधिकांश समलैंगिकों की भर्ती पर रोक संबंधी नीति को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करे।

सीएनएन के मुताबिक, ट्रंप ने जुलाई 2017 में ट्वीट कर अपनी इस नीति की घोषणा की थी और बाद में रक्षा मंत्री जेम्स मैट्टिस ने आधिकारिक तौर पर बयान जारी कर जेंडर डिस्फोरिया की समस्या से पीड़ित लोगों के सेना में भर्ती पर रोक लगा दी थी।

देशभर की डिस्ट्रिक्ट अदालतों ने इस नीति पर रोक लगा दी थी। सॉलिसिटर जनरल नोएल फ्रांसिस्को ने शुक्रवार को याचिकाएं दायर कर जस्टिसों से तीन अलग-अलग मामलों में मुद्दे को उठाने को कहा था। ये मुद्दे अभी निचली अदालतों में हैं।

आंध्र में सीबीआई की एंट्री बैन के बाद चंद्रबाबू नायडू के सहयोगी पर ईडी और आईटी का छापा

हैदराबाद (आरएनएस)। मनी लॉन्ड्रिंग एवं अन्य वित्तीय अनियमित्ताओं के आरोप में घिरे हैदराबाद में पूर्व केंद्रीय मंत्री और तेलुगु देशम पार्टी के सांसद वाईएस चौधरी के घर और दफ्तरों पर आयकर विभाग (आईटी) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने छापेमारी की.

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने सीबीआई पर अपने मंत्रियों को निशाना बनाने का आरोप लगाते हुए कुछ ही दिन पहले राज्य में सीबीआई के प्रवेश पर रोक लगा दी थी. इसके कुछ ही दिन बाद उनके निकट सहयोगी पर आईटी और ईडी का ये छापा पड़ा है.

टीडीपी सरकार ने 8 नवंबर को आदेश पारित किया था, जिसमें सीबीआई एवं अन्य केंद्रीय एजेंसियों को राज्य में काम करने के लिए दी गई जनरल कंसेंट को वापस लेने की बात कही गई थी. वाईएस चौधरी से जुड़े एक नजदीकी सूत्र ने छापे की पुष्टि की है. बताया जा रहा है कि पूर्व के एक सीबीआई केस की जांच के लिए ईडी और आईटी के अधिकारियों ने सुजाना ग्रुप पर अचानाक छापा मारा. बता दें कि चौधरी इससे पहले नरेंद्र मोदी कैबिनेट में मंत्री थे. टीडीपी के एनडीए से अलग होने तक उनके पास विज्ञान एवं तकनीकि मंत्रालय था. मार्च में टीडीपी आंध्र प्रदेश को विशेष राज्य का दर्जा न मिलने पर एनडीए से अलग हो गई थी. रिपोर्ट के अनुसार, ईडी को एक मेल मिला था, जिसमें शेल कंपनी के डायरेक्टर सुजाना कंपनी से बात कर रहे थे. ईडी सूत्रों ने बताया कि अधिकारियों ने बैंक लोन के कथित डायवर्जन मामले में लाभार्थी का पता लगाने के लिए छापेमारी की. छापे के दौरान चौधरी के ऑफिस के कई दस्तावेजों को बरामद किया गया है.

गौरतलब है कि कुछ ही दिन पहले चंद्रबाबू नायडू ने केंद्रीय जांच एजेंसी पर बीजेपी के राजनीतिक एजेंडे पर काम करने का आरोप लगाते हुए राज्य में बिना इजाजत उनकी एंट्री बैन लगा दी थी. उनके इस कदम को सराहते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने तुरंत जनरल कंसेंट को वापस ले लिया था.

स्कूलों को 2 घंटे की देरी से खोलने पर विचार

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली में वायु प्रदूषण की चिंताजनक स्थिति को देखते हुए स्कूलों, बाजारों और ऑफिस की टाइमिंग में बदलाव पर विचार किया जा रहा है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के नेतृत्व वाली टास्क फोर्स की गुरुवार को हुई बैठक में इस पर चर्चा की गई। टास्क फोर्स के एक सदस्य ने बताया कि स्कूल की टाइमिंग सुबह 8 की जगह 10 और बाजार की टाइमिंग सुबह 10 से 8 बजे करने पर विचार किया जा रहा है।

उन्होंने बताया, प्रदूषण का स्तर सामान्यत: सुबह और शाम में सबसे अधिक रहता है। बाजार के खोलने का वक्त सुबह 10 से रात 9 की जगह सुबह 8 से शाम 6 रखने पर विचार किया गया, ऑफिस का वक्त भी आगे खिसकाने पर विचार हुआ। उसी प्रकार बच्चों को प्रदूषण से बचाने के लिए यह विचार किया गया कि स्कूल का वक्त सुबह 8 बजे की जगह सुबह 10 बजे किया जा सकता है।